'आचार्य आत्माराम भाऊ लाड मंडई', खार स्टेशन मछली बाजार और 'महादेव बुवा दांडेकर मंडई', खार दाडा मछली बाजार में, भाकृअनुप-केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई द्वारा दिनांक 28/3/23 को किए गए स्वच्छता कार्यक्रम की रिपोर्ट

भाकृअनुप-केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई ने 'आचार्य आत्माराम भाऊ लाड मंडई', खार स्टेशन मछली बाजार और 'महादेव बुवा दांडेकर मंडई', खार डंडा में दिनांक 28/03/2023 को स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया

डॉ. रविशंकर सी.एन., निदेशक आईसीएआर-सीआईएफई, मुंबई के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता कार्य योजना (एसएपी) और शहरी मछली बाजारों से वाणिज्यिक उपयोग मछली अपशिष्ट' अनुसंधान परियोजना के हिस्से के रूप में मछली बाजार स्वछता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । डॉ. रविशंकर सी.एन., ए.के. वर्मा, श्री. नरेंद्र अग्लावे व श्री. प्रणय बिस्वाल ने इस स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया। विस्तार विभाग के छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए समूहों में काम किया। स्वच्छ भारत की शुद्ध भावना से ओत-प्रोत, मछली विक्रेताओं और स्वयंसेवकों को व्यक्तिगत स्तर पर स्वच्छ बाजार के प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता मार्शलों ने की बाजारों की गहन सफाई ,कचरा उठाया, मछली बाजारों की छतों, दीवारों और फर्शों को साफ किया।

मछली बाजारों के मछली विक्रेताओं ने डॉ. रविशंकर सी.एन., निदेशक आईसीएआर-सीआईएफई, डॉ. अर्पिता शर्मा, पीआई/अनुसंधान परियोजना के नोडल अधिकारी और पूरी परियोजना टीम को हार्दिक धन्यवाद दिया।